इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र समस्त अंक पत्र सह प्रमाण पत्रों के साथ, दो प्रतियों में 15 दिन के अन्दर रजिस्टर्ड डाक द्वारा कॉलेज के निम्न पते पर भेजें।
माहिरा लॉ कॉलेज
बुद्ध बाजार रोड, इतवार नकाशा बिसौली (बदायूँ) पिन-243720
मो. 9412511333, 9412601810
E-mail : mahiralawcollege@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# कुपवाड़ा में बलिदान मोहित के गांव में सन्नाटा, परिजन बेहाल

## सर्च ऑपरेशन के दौरान शनिवार सुबह आतंकियों से मुठभेड़ में हो गए शहीद, उनके ही खेत में किया जाएगा अंतिम संस्कार

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में शनिवार सुबह आतंकी हमले में मोहित सिंह के बलिदान होने की खबर घर पहुंची तो पत्नी, पिता समेत परिजन बदहवास हो गए। मोहित सिंह 2017 में सेना में भर्ती हुए थे। उनकी डेढ़ साल पहले ही शादी हुई थी। शव आने के बाद गांव के पास उनके खेत में ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। प्रशासन ने अंतिम संस्कार की तैयारी कर ली है।

इस्लामनगर के गांव सभानगर निवासी नत्थू सिंह खेती कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनका इकलौता बेटा मोहित सिंह राठौर (28) 57 राष्ट्रीय राइफल यूनिट में तैनात थे। डेढ़ साल पहले उनकी शादी बिसौली के गांव करेंगी निवासी रुचि से हुई थी। जनवरी में छुट्टी पर आए मोहित 14 फरवरी को वापस गए थे। दो साल से मदर यूनिट 17 राज राइफल यूनिट में जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में तैनात थे। जहां सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था।

शनिवार सुबह रुचि के पास सेना के दिल्ली स्थित हेड क्वार्टर से फोन आया। कहा कि मोहित के पिता से बात करा दें। रुचि ने कहा कि वह खेत पर गए हैं कुछ देर में बात करा दूंगी। कुछ देर बाद नत्थू सिंह आए तो रुचि ने उन्हें बताया। इसके बाद फिर फोन आया। उधर से बताया गया कि आतंकी हमले में मोहित सिंह घायल हो गए हैं। बाकी जानकारी देते रहेंगे। उसके बाद मीडिया के माध्यम से मौत की सूचना मिली तो परिजन सन्न रह गए। इकलौते बेटे के देश पर न्यौछावर होने पर नत्थू सिंह को बेटे पर गर्व है हालांकि वह अस्सीम दुख में डूबे हैं। मोहित की बहनों रजनी और नीतू की शादी हो चुकी है जबकि तीसरी बहन पूजा की शादी होनी थी। मां कलावती की कई साल पहले मौत हो चुकी है।


मोहित की मौत पर विलाप करतीं परिजन। ● अमृत विचार


गुमसुम बैठी मोहित की पत्नी रुचि।

- **2017 में सेना में भर्ती हुए थे इस्लामनगर के गांव सभानगर निवासी मोहित सिंह**
- **गांव के पास खेत में किया जाएगा अंतिम संस्कार, प्रशासन ने बनवाया रास्ता**


मोहित सिंह के बलिदान होने की जानकारी के बाद गांव में पसरा सन्नाटा।

### अंतिम संस्कार की तैयरियों में जुटे अधिकारी

राजस्व टीम समेत खंड विकास अधिकारी मुनब्बर खान और थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह शहीद जवान मोहित के शव के अंतिम संस्कार की व्यवस्था में लग गए। उनके खाली पड़े खेत को ट्रैक्टर से जुतवाया गया है। खेत पर जाने के लिए कोई ठीक रास्ता नहीं है। लेखपाल और कानूनगो द्वारा अभिलेखों में देखकर पैमाइश कर नया रास्ता बनाया जा रहा है ताकि अंतिम संस्कार करने में दिक्कत का सामना न करना पड़े। बताया गया कि जवान का शव बरेली आ गया। देर रात तक गांव पहुंच जाएगा। खेत पर अंतिम संस्कार की व्यवस्थाओं के चलते सुबह अंतिम संस्कार होगा।


खेत में अंतिम संस्कार की तैयारी करती राजस्व विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### शुक्रवार को चाचा से वीडियो कॉल की, कहा, तुम्हारा भतीजा बहुत आगे तक जाएगा

मोहित ने शुक्रवार रात लगभग 8 बजे अपने चाचा सोनपाल को वीडियो कॉल कर बात की थी। कहा था कि वह सर्च ऑपरेशन पर निकले हैं। देखना तुम्हारा भतीजा बहुत आगे तक जाएगा। और सच में वह बहुत आगे तक चला गया जहां से लौटकर आना संभव ही नहीं।

### दुख में परिवार के साथ है भाजपा

मोहित की शहादत पर भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कुपवाड़ा में आतंकियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले पर गहरा दुख व्यक्त किया। कहा कि मोहित साहसी वीर सैनिक थे। उनके निधन से पूरे जिले में शोक की लहर है। प्रभु परिजनों को दु:ख सहन करने की असीम शक्ति प्रदान करें। कहा कि भाजपा इस दुख की घड़ी में शहीद सैनिक के परिवारजनों के साथ है।

# तमंचे की छीना झपटी में चली गोली, बालक घायल

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** लोड तमंचे की छीना झपटी में गोली चलने से सात साल का एक बालक गंभीर घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बालक के परिजनों ने एक रिश्तेदार को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव हरि नगला निवासी महिपाल का 8 वर्षीय पुत्र गणेश पड़ोसी नरसिंह पुत्र पातीराम की दुकान पर बैठा था। जहां नशे में धुत नरसिंह और उसका रिश्तेदार गांव मौसमपुर पट्टी निवासी टिंकू लोड तमंचे की छीना झपटी कर रहे थे। इसी बीच अचानक गोली चल गई जो दुकान पर बैठे गणेश के दोनों पैरों को चीरती हुई निकल गई। बालक की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच गए। नशे में धुत नरसिंह तो भाग गया जबकि उसका रिश्तेदार टिंकू पकड़ लिया। परिजन गणेश को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। नशे के हालात में पकड़े गए टिंकू को पुलिस के हवाले कर दिया।


गोली लगने से घायल गणेश।

# घरों में भरा गंदा पानी, छतों पर सिमट गई जिंदगी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **ग्राम कुलचौरा में जलभराव से ग्रामीण परेशान, संक्रामक बीमारियों की आशंका सता रही**

**अमृत विचार :** ग्राम कुलचौरा की तस्वीर स्वच्छता अभियान की पोल खोल रही है। सड़क पर घरों का पानी आता है। गांव हाईवे पर है। इसलिए गांव की सड़कें नीची हैं। सड़कों पर पानी भर गया है। यह पानी घरों में घुसने लगा है, जिससे घरों में भी कीचड़ और गंदगी मुसीबत बढ़ा रही है। महिलाएं छतों पर खाना बना रही हैं। पूरी जिंदगी छतों पर सिमट गई लगती है।

घरों के बाहर तालाब जैसा मंजर है। गंदे पानी से होकर बच्चे और बड़े निकल रहे हैं। पैरों में दाद खाज होने लगा है। गंदे पानी में मच्छर पनपने लगे हैं। मच्छरों के चलते अब संक्रामक रोगों का खतरा पैदा हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों को जलभराव के चलते खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। महिलाओं ने कहा उन्हें खाना बनाने में मशक्कत करनी पड़ती है। जिला अधिकारी को आकर गांव की बदहाली देखनी चाहिए। गांव में जलभराव का निस्तारण किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान सतीश यादव ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।


ग्राम कुलचौरा में सड़क पर भरा पानी।


गांव में नारकीय स्थिति बनी हुयी है। पानी से निकलने वाले लोगों के पैरों में रोग हो रहे हैं। बच्चों को गंदे पानी में नहीं घुसने देते हैं। जहरीले कीड़े पानी में पैदा हो रहे हैं जिससे दिन रात भय बना रहता है। **– नरेश**


शहर के पास का गांव है फिर भी स्थिति बदतर है। गंदा पानी कई सालों से भरा हुआ है। ग्राम प्रधान कुछ करने को तैयार नही है। सड़क के आस पास के घरों की दशा खराब है। **– माया**

"गांव हाईवे से नीचा हे इसलिए पानी के निकास को कोई रास्ता नहीं है। कई बार नाला बनवाने का प्रयास किया गया तो गांव के ही लोग विरोध करने लगे। जलभराव से सभी लोग परेशान हैं। पानी के बारे में तीन महीने पहले डीपीआरओ से बात की गयी थी। उन्होंने गांव आने की बात कही थी। मगर बाद में कुछ नहीं हुआ। **– सतीश यादव**, ग्राम प्रधान


कई सालों से सड़क तालाब बनी हुयी है। हाईवे से दिन रात अधिकारी निकलते हैं। सड़क पर भरा पानी हाईवे से दिखता है फिर भी इस ओर कोई मुड़ कर देखना नहीं चाहता है। पूरा गांव परेशान है। **– विवेक**

## रोडवेज यात्री को जहर खुरानों ने लूटा

**सहसवान, अमृत विचार :** दिल्ली के आनंद विहार परिवहन निगम बस स्टेशन से बैठे एक मजदूर जहर खुरानी को शिकार हो गया। कई महीने दिल्ली में मजदूरी कर पैसे एकत्र कर वापस लौट रहा था। उसी की सीट बैठे एक अपरिचित यात्री ने बातों में लगाकर उसे नशीला पदार्थ दे दिया जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद समान एवं नकदी लेकर रास्ते में उतर गया। बस चालक ने नशे की हालात में पड़े यात्री को शहबाजपुर पुलिस चौकी पर उतार दिया। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भेज दिया। पीड़ित के होश आने पर जानकारी परिजनों को दी तो वे उसे घर ले गए।


जहर खुरानी का शिकार युवक।

# बिना अनुमति छुट्टी पर गए तीन ईओ का जवाब तलब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **वंदन योजना के तहत कलेक्ट्रेट में हुई बैठक, डीएम, एडीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह के साथ शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वंदन योजना की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। बिना अनुमति छुट्टी पर गए सखानूं, गुलड़िया व ककराला के अधिशासी अधिकारियों का जवाब तलब किया।

जिले में पुराने धार्मिक स्थलों व पौराणिक स्थलों के जीर्णोद्धार का कार्य कराया जाना है। जिसके लिए 21 नगर पालिका व नगर पंचायतों में से 18 की डीपीआर प्राप्त हो गई। उझानी, उसावा व कुंवर गांव की डीपीआर प्राप्त नहीं हुई। जिस पर डीएम ने नाराजगी जताई और अधिशासी अधिकारियों को 31 जुलाई तक डीपीआर जमा करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह ने बताया कि धार्मिक स्थलों व पौराणिक स्थलों के जीर्णाद्धार के लिए शासन स्तर से प्रत्येक नगर पालिका व नगर पंचायत से दो करोड़ रुपए तक की धनराशि के कार्यां की डीपीआर मांगी गई है। बैठक में अधिशासी अधिकारी व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


डीएम निधि श्रीवास्तव, एडीएम रेनू सिंह।

## खितौरा बिजली घर पर धरना देगी भाकियू चढ़ूनी

**बदायूं।** भाकियू (चढ़ूंनी) के जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने बताया कि 29 जुलाई को तहसील बिल्सी के खितौरा बिजली घर पर अघोषित बिजली कटौती के विरोध में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यह धरना निश्चितकालीन तक जारी रहेगा।

## पुलिस, अफसरों ने हटवाया अतिक्रमण

**कादरचौक, अमृत विचार :** पुलिस और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने शुक्रवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। इस दौरान रोड़ पर ठेले वालों फड वालों को वहां से हटाया गया। शनिवार को थाना प्रभारी उदयवीर सिंह ने एडीओ पंचायत शिवकुमार के साथ रोड पर अतिक्रमण अभियान चलाया। साथ ही रोड की साफ सफाई भी कराई गई। करीब आधा किलोमीटर के दायरे में ठेले खोमचे वालों को हटाया गया। साथ ही खोखे भी हटाए गए। मंदिर के महंत को बुलाकर नाले की साफ सफाई कराने को कहा। अधिकारियों ने लोगों को चेतावनी दी कि अतिक्रमण किया गया तो सख्त कार्रवाई करते हुए सामान का जब्त कर लिया जाएगा।

# डीएम, एसएसपी ने कांवड़ियों पर की पुष्पवर्षा

संवाददाता, कछला

**अमृत विचार :** डीएम निधि श्रीवास्तव और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने शनिवार को कांवड़ियों के मार्ग का कछला तक निरीक्षण किया। जगह-जगह रुककर व्यवस्थाएं देखीं। कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की और फल वितरित किए। अधिकारी और कर्मचारियों से कहा कि कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

डीएम ने अधिकारियों से कावड़ यात्रा के कार्यों को पूरी सजगता और गंभीरता से करने को कहा। उन्होंने पुलिस सहायता केंद्रों का भी निरीक्षण किया। कावड़ मार्ग के निरीक्षण के दौरान प्रकाश, बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति देखी। कछला घाट पर जाकर गोताखोर, नाविकों के बारे में जानकारी की। सुरक्षा के दृष्टिगत कांवड़ मार्ग पर बनाए गए पुलिस सहायता केंद्र और स्वास्थ्य सहायता केंद्रों का निरीक्षण किया। डीएम ने कछला घाट पर वाच टावर व सीसीटीवी कैमरों के बारे में जानकारी की। बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल रूप से संपन्न कराने के लिए मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। साथ कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। जहां फोन करने पर कर्मचारियों से बात होगी। मुख्य कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट में बना है।


कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा करतीं डीएम निधि श्रीवास्तव व एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह।

- **शनिवार को कांवड़ियों के मार्ग का भागीरथी घाट तक किया निरीक्षण**

## विवाहिता को पीटकर घर से निकला, तहरीर दी

**उघैती, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव खितौरा निवासी श्रीपाल की पुत्री पिंकी की शादी एक वर्ष पूर्व उझानी कोतवाली क्षेत्र के कछला निवासी अवधेश कश्यप पुत्र राकेश के साथ हुई थी। शादी में हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे हैं। दहेज को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जाता है। बताया कि कुछ दिनों पूर्व उसे कमरे में बंद कर पति सहित अन्य ससुरालियों ने मारपीट की। इसके बाद घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## डीएम, एसपी ने किया एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण, खलबली

**बदायूं, अमृत विचार :** डीएम निधि श्रीवास्तव ने शनिवार को एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह के साथ एआरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कार्यालय के बाहर मौजूद दलाल भाग निकले। अधिकारियों ने कार्यालय में मौजूद लोगों से बात की। उनके कार्यालय आने का कारण पूछा। विभिन्न पटलों पर जाकर कर्मचारियों से बात की। कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति है। इसमें किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। इसलिए सभी अधिकारी व कर्मचारी पूर्ण मनोयोग, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। डीएम ने कहा कि ऐसा संज्ञान में आया है कि कार्यालय में इंटरनेट कनेक्टिविटी कम रहती है। आवेदकों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने इसके लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।


पूछताछ करतीं डीएम निधि श्रीवास्तव व एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह।

# कार से टकराकर पलटा ई-रिक्शा, नाना-नातिन की मौत

संवाददाता, वजीरगंज

- **शनिवार को वजीरगंज थाना क्षेत्र में नदवारी और सैदपुर के बीच हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव नदवारी के पास तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा पलट गया। जिसके नीचे दबकर पांच साल की बच्ची की मौके पर मौत हो गई जबकि उसके नाना गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सक ने नाना को भी मृत घोषित कर दिया। हादसे में चार लोग घायल हुए हैं।

वजीरगंज क्षेत्र के गांव कादरनगर निवासी नेम सिंह उर्फ पप्पू की बेटी रितु आठ महीने की गर्भवती है। वह आठ दिन पहले अपनी दो बेटियों के साथ मायके आई थी। शनिवार को नेम सिंह रितु का अल्ट्रासाउंड कराने के लिए अपनी पत्नी संगीता, भाभी गौरी, रितु की तीन साल की बेटी इंदु और पांच साल की बेटी नंदनी के साथ ई-रिक्शा से जा रहे थे। एमएफ राजमार्ग स्थित गांव नदवारी और सैदपुर के बीच पास पीछे से तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी।

ई-रिक्शा पलटने से नंदनी और अन्य लोग दब गए। लोगों को ई-रिक्शा को उठाकर बाहर निकाला। तब तक नंदनी की मौत हो चुकी थी। घायलों को सैदपुर के सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सक ने नेम सिंह और उनकी गर्भवती बेटी रितु को जिला अस्पताल भेजा। जहां नेम सिंह ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस कार चाल की तलाश कर रही है।

### खेत की जुताई करते समय ट्रैक्टर से कूदे बालक की रोटावेटर में फंसकर मौत

**आसफपुर, अमृत विचार :** खेत की जुताई कर रहे चलते ट्रैक्टर से उतरते समय ट्रैक्टर चालक के 12 साल के बेटे की रोटावेटर में उलझकर मौत हो गई। थाना फैजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर निवासी सुरेश यादव शनिवार सुबह लगभग 9 बजे अपने खेत में उड़द की बुबाई कर रहे थे। साथ में उनका बेटा रामधारी (12) भी था। जुताई करते समय ट्रैक्टर चालक सुरेश ने खेत में चल रहे नलकूप को बंद करने को अबोला तो रामधारी चलते हुए ट्रैक्टर से ही अचानक नीचे कूद पड़ा। नीचे गिरते ही वह रोटावेटर की चपेट में आ गया। उसकी रोटावेटर की खुरपी में फंसकर मौत हो गई। हादसा होता देख सुरेश ने ट्रैक्टर रोक बेटे को बाहर खींचा लेकिन तब तक रोटावेटर बालक के शरीर को क्षत विक्षत कर चुका था। बेटे रामधारी की मौत से पिता सुरेश बदहवास हो गए। पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव को दफना दिया।


## सार-संक्षेप

### मदर्स पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने देखे सैन्य उपकरण



**बदायूं, अमृत विचार :** मदर्स पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं ने बरेली में भारतीय सेना की प्रदर्शनी में गन, रॉकेट लांचर, तोप, टेलिस्कोप, बंदूकें, मशीनगन आदि हथियार देखे और जानकारी प्राप्त की। प्रधानाचार्य शीबा खान ने बताया कि 26 जुलाई 1999 में कारगिल जैसे दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में भारतीय सेना ने अपनी शौर्य वीरता और शहादत का परिचय देते हुए नापाक पाकिस्तान के इरादे को चकनाचूर कर दिया था। कारगिल दिवस कारगिल युद्ध में भारत की जीत का प्रतीक है। उन्होंने शहीद वीर जवानों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं मातृभूमि के लिए सर्वस्व अर्पित करने वाले अमर जवानों की शहादत से प्रेरणा लेने की सीख दी।

### निबंध प्रतियोगिता में स्वरा और अंशुल प्रथम



**बिल्सी, अमृत विचार :** भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज में निबंध प्रतियोगिताका आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दैनिक जीवन में योग प्राणायाम का महत्व, आत्मनिर्भर भारत और वृक्षों के महत्व पर निबंध लिखा। कक्षा छह से स्वरा सिन्हा, कक्षा सात से अंशुल माहेश्वरी, कक्षा आठ से शिवांगी भारद्वाज, कक्षा नौ से कार्तिक गुप्ता, कक्षा 10 से स्नेहा शाक्य, कक्षा 11 से प्रभा तथा कक्षा 12 से सोनी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने बच्चो का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता गीता रानी, दीपाली सक्सेना, जयप्रकाश शाक्य, प्रदीप सक्सेना की देखरेख में संपन्न कराई गई।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**बदायूं, अमृत विचार :** विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने उत्तर प्रदेश आंगनबाड़ी श्रमिक संघ के बैनर तले मालवीय आवास गृह पर प्रदर्शन किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव को ज्ञापन सौपा। संगठन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष ममता भदौरिया व सुधा उपाध्याय ने कहा कि बाल विकास परियोजनाओं और न्याय पंचायत पर सेक्टर लीडर बनाकर आंगनबाड़ी का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। सेक्टर लीडर द्वारा हर माह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अवैध वसूली की जा रही है जिसे बंद किया जाए।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों को ऑडिटोरियम देने की मांग



**बदायूं, अमृत विचार :** आगाज संस्था के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन देकर बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान का ऑडियोटोरियम बनवाया गया था जिसे शुरू कर देना चाहिए। अध्यक्ष आमिर सुल्तानी ने कहा कि पूर्व सपा सांसद धर्मेंद्र यादव के प्रयास से ऑडिटोरियम बनवाए हुए कई साल हो गए लेकिन अभी तक सांस्कृतिक कार्यक्रम या संस्थाओं को ऑडिटोरियम नहीं दिया जा रहा है। अगर ऑडिटोरियम मिलना शुरू हो गया तो संस्थाओं को बहुत आसानी होगी। खराब मौसम में भी संस्थाएं कार्यक्रम करा सकेंगी। इस मौके पर शाहबाज हुसैन, मोहम्मद नदीम, नितिन गुप्ता, अधिवक्ता सलीमउद्दीन, इंजीनियर असलम खान आदि मौजूद रहे।

### बच्चों को दिया तकनीकी शिक्षा का प्रशिक्षण




**बिल्सी, अमृत विचार :** बाबा इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षा सप्ताह के पांचवें दिन कौशल और तकनीकी प्रशिक्षण के तहत ड्राइंग, वाद-विवाद, कहानी-कविता सुनाओ प्रतियोगिता तथा डॉक्टर आसपास न हो तो उपचार कैसे करें आदि का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, विडियो एडिटिंग व कोडिंग-डिकोडिंग के सम्बन्ध में विस्तार से सिखाया गया। आरम्भ डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय व राजकुमार गुप्ता ने किया। प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी, प्रशासक अमित माहेश्वरी व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### ऋषि आश्रम में वृद्धजनों को कराया सहभोज



**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव बांस बरौलिया में ऋषि आश्रम शुभ सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में शनिवार को बदायूं निवासी क्षितिज शर्मा एवं उनकी माता जी आशा शर्मा ने वृद्धों को सहभोज कराया और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि बिना बुजुर्गों के आशीर्वाद के कोई भी व्यक्ति सफल नहीं हो सकता है। इसलिये सभी को वृद्धों की सेवा करनी चाहिये। आश्रम संचालक वेदव्यास शर्मा, रामकिशोर शर्मा, हरिओम, दयाराम, गोविंद शर्मा, सचिन शर्मा, शिव गौड़, बबलू श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### बच्चों ने विद्यालय परिसर में लगाया मां के नाम का पौधा



**बदायूं, अमृत विचार :** शनिवार को कस्बा दातागंज स्थित ब्लूमिंग डेल स्कूल में पौधारोपण अभियान चलाया गया। बच्चों ने मां के नाम का एक एक पौधा लगाया। पौधा रोपण का कार्य प्रधानाचार्य अनुपम प्रकाश वैश्य के मार्गदर्शन में बच्चों के द्वारा किया गया। विद्यालय की अध्यक्षा पम्मी मेहंदीरत्ता ने पेड़ों के महत्त्व पर प्रकाश डाला। स्कूल निदेशक ज्योति मेहंदीरत्ता, मुख्य व्यवस्थापक ईशान मेहंदीरत्ता तथा श्वेता मेहंदीरत्ता आदि मौजूद रहे।

### इंस्टाग्राम पर लिखी अभद्र टिप्पणी, पुलिस से शिकायत

**विजय नगला।** इंस्टाग्राम पर एक युवक द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए स्टोरी शेयर कर दी। नाराजगी में गद्दी समाज के ऑल इंडिया यूथ फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष राशिद निजामी ने आरोपी खिलाफ कार्रवाई की मांग कर तहरीर दी है। शिकायती पत्र सौंपे जाने के के दौरान मोहम्मद जुनैद, अमन, आकिल गद्दी, अमन आदि मौजूद रहे।

खबरें पेज 11 पर भी

## आज का मौसम

आसमान में धूप खिलेगी। हल्के बादल छा सकते हैं।

35⁰ अधिकतम तापमान | 29⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.40 | सूर्यास्त 07.15

## जिले में आज

- सोरों गेट स्थित हरप्यारी धर्मशाला में संत निरंकारी का सत्संग सुबह नौ बजे से।
- बजट पर चर्चा संगोष्ठी भाजपा के जिला कार्यालय पर दोपहर दो बजे से।
- शहर के मोहल्ला जय-जयराम स्थित महादेव मंदिर में शिव विवाह शाम चार बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

## प्राथमिक विद्यालय के ताले तोड़कर सामान ले गए चोर

**कासगंज :** पटियाली थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अशोकपुर में बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। विद्यालय के ताले चटका कर चोर हजारों रुपए का सामान निकाल कर ले गए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शिवम बघेल ने पटियाली थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया विद्यालय से अज्ञात चोर गैस सिलेंडर, पंखे,टेलीविजन,वर्तन एवं रसोई में रखी अन्य सामग्री को चुरा कर ले गए हैं। एक वर्ष में विद्यालय में छह बार चोरों ने चारी की वारदात को अंजाम दिया है। हर बार पुलिस को तहरीर दी गई, लेकिन अब तक पुलिस किसी भी चोर को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

# कुछ देर की झमाझम बारिश से सड़कें जलमग्न, गलियां बनीं तालाब

## कासगंज-सोरों मार्ग पर गड्ढे होने से ई-रिक्शा और बाइक सवार हुए हादसे का शिकार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** शनिवार दोपहर हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। झमाझम बारिश से गलियां पानी से लबालब हो गईं। नाले-नालियां उफनाने से टूटी सड़कों पर पानी भर गया और गलियां व स्कूल परिसर तालाब नजर आने लगे। सड़कों पर हुए गड्ढों में बारिश का पानी भरने से कासगंज-सोरों मार्ग पर ई-रिक्शा और बाइक सवार दुर्घटनाएं का शिकार हो गए। हालांकि किसानों के लिए बारिश वरदान साबित हुई।

गुरुवार देर रात शुरू हुई रिमझिम बारिश शनिवार सुबह तक जारी रही। शनिवार दोपहर को जमकर बारिश हुई। झमाझम बारिश कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई। कासगंज-सोरों-सिढ़पुरा, इस्माइलपुर मार्ग मुख्यालय से 10 से 15 किमी तक खस्ता हाल है। यहां बारिश का पानी सड़क के गड्ढों में भर गया। सबसे खराब हालात कासगंज-अमांपुर मार्ग के हो गए। यहां सड़क टूटने के बाद बने गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भर गया। इससे इन गड्ढों में कई ई-रिक्शा पलट गए। कुछ बाइक सवार भी गिरकर दुर्घटना का शिकार हुए।



शहर में सोरों गेट बाजार में सड़क पर भरे पानी में होकर निकलते लोग। ● अमृत विचार

### सड़कों के किनारे कटान होने से हादसे की आशंका

बरसात से सड़कों के किनारे कटान हो रहा है, जिससे कोई सड़क कभी धंस सकती है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। अमांपुर-सिढ़पुरा सड़क का बुरा हाल है। यहां तेजी के साथ मिट्टी कट रही है। इस ओर जिम्मेदारों का कोई ध्यान नहीं है।

### प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

जिला प्रशासन ने बरसात को लेकर अलर्ट जारी किया है। राजस्व कर्मी गांव-गांव पहुंचकर भवनों का आंकलन कर रहे है कि कोई भवन गिरताऊ हालत में तो नहीं है। इसके अलावा ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है कि वे बरसात के मौसम में सतर्क रहें।

### बारिश से किसानों के चेहरे खिले

अषाढ़ में कई दिनों तक लगातार बारिश हुई थी। इसके बाद मौसम खुलने के साथ तेज धूप हो रही थी। इससे किसानों को अपनी फसलों में पानी लगाना पड़ रहा था। शुक्रवार को हुई बारिश खेतों में खड़ी धान की फसल के लिए वरदान साबित हुई। जायद की अन्य फसलों को विशेष फायदा नहीं है।

### ग्राम प्रधान और सचिवों की जिम्मेदारी तय

तराई क्षेत्र के ग्राम प्रधान और पंचायत सचिवों की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। ग्राम प्रधानों से जहां एक ओर सहयोग मांगा गया है, पंचायत सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने क्षेत्र की संबंधित ग्राम पंचायत में कड़ी निगरानी रखेंगे और गांव में डेरा जमाएंगे। जिससे कि बाढ़ और कटान के खतरे से राहत मिल सके।

### आंकड़े एक नजर में

- 91,721 क्यूसेक पानी हरिद्वार बैराज से छोड़ा गया
- 1, 52,856 क्यूसेक पानी बिजनौर बैराज से छोड़ा गया

### कई स्कूलों में भरा बारिश का पानी

बरसात से शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित दिखी। तमाम सरकारी स्कूलों में पानी भर गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय भिटौना, गोरहा, दरुआपुर, मामों, दतलाना, लहरा, बघेला, शहबाजपुर सहित दर्जनों स्कूलों के परिसर तालाब में तब्दील थे। बारिश के कारण विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के वितरण में खासी परेशानी हुई।

# पहाड़ों पर बारिश से मैदानी क्षेत्र में अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** उत्तरी क्षेत्र में मानसून की दस्तक तेज हो गई है। पहाड़ों पर लगातार बारिश होने के कारण गंगा में जलस्तर बढ़ रहा है। हरिद्वार, बिजनौर और नरौरा बैराजों से गंगा में पानी छोड़ा जा रहा है। सिंचाई विभाग ने बाढ़ की संभावना को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रशासन अलर्ट है। अफसर पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। सिंचाई विभाग की टीमें गांवों को दौड़ रही है, और ग्रामीणों से सहयोग मांगा जा रहा है।

गुरुवार रात सिंचाई विभाग ने अलर्ट जारी कर प्रशासन को गंगा में पानी बढ़ने की सूचना दी थी। इसके साथ ही सिंचाई विभाग की टीमें सक्रिय कर दी गईं। इधर, एडीएम राकेश पटेल बाढ़ को लेकर पल- पल की जानकारी ले रहे हैं। पटियाली के एसडीएम कुलदीप कुमार तराई क्षेत्र के गांवों में नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने एडीएम को रिपोर्ट दी है और स्पष्ट किया है कि जिस तरह पानी बढ़ रहा है उसे बाढ़ का खतरा बढ़ता जा रहा है। वहीं सिंचाई विभाग ने भी बाढ़ का खतरा होने के संकेत दिए हैं। इधर, सिंचाई विभाग की टीमें गांव-गांव डेरा जमाए हुए हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारी अपडेट ले रहे हैं।

**हरिद्वार से कछला तक लगते हैं 62 घंटे :** हरिद्वार से कछला तक पानी का बहाव पहुंचने में 62 घंटे का समय लगता है। जबकि बिजनौर से पानी छोड़े जाने पर 46 घंटे और नरौरा से पानी छोड़े जाने पर कछला तक पानी पहुंचने में 11 घंटे का समय लगता है।

**पहाड़ों पर बारिश से मैदानी क्षेत्रों में बढ़ी परेशानी :** पहाड़ी क्षेत्र में वर्षा होने के कारण हरिद्वार, बिजनौर और नरौरा बैराजों से गंगा में पानी छोड़े जाने का क्रम शुरू हो गया है। अभी कछला ब्रिज पर गंगा का गेज सामान्य बना हुआ है। जिले के गांव इस्माइलपुर से लेकर कादरगंज तक फैली गंगा की धारा में अभी रौद्रता नहीं है। शुक्रवार की शाम छह बजे बिजनौर से एक लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

> सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कड़ी निगरानी के निर्देश दिए हैं। राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी बताया गया है कि वह नजर रखें। पल-पल जानकारी की जा रही है। अभी खतरा नहीं है। -**राकेश पटेल, एडीएम**

### सेना की पैराशूट फील्ड कंपनी ने देखा बाढ़ संभावित क्षेत्र



बाढ़ क्षेत्र का जायजा लेते सेना की 411 पैराशूट फील्ड कंपनी के अधिकारी।

**कासगंज, अमृत विचार :** जिले में बाढ़ की संभावना के चलते सेना की 411 पैराशूट फील्ड कंपनी ने बाढ़ संभावित गांवों का निरीक्षण किया। पटियाली क्षेत्र में बाढ़ प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन एवं सिंचाई विभाग द्वारा किए गए बंदोबस्त देखे। ग्रामीणों से बातचीत कर बीते वर्षों में आई बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। फिलहाल तो जिले में गंगा सामान्य पर बह रही है, लेकिन बैराजों के पानी से गंगा पर पानी का दबाव बढ़ा हुआ है। संभावना है कि एक दो दिन में यह दबाव और बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में किसी भी विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग पूरी व्यवस्था कर चुका है। शनिवार को सेना के 411 पैराशूट फील्ड कंपनी के अधिकारियों ने पटियाली क्षेत्र में गंगा का निरीक्षण किया। बढ़ते पानी के दबाव और बाढ़ नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग द्वारा किए गए प्रबंधों को देखा। गांव बरौना सहित अन्य तटवर्ती गांवों के लोगों से बातचीत कर बीते वर्षों में आयी बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारियां हैं। ग्रामीण किसी भी प्रकार की मन भ्रांति और चिंता न लाएं।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट के दोषी को चार साल की कैद

**कासगंज, अमृत विचार :** खाद्य पदार्थों में मिलावट करने के मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने दोषी को चार वर्ष का कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वर्ष 2021 में सोरों के मोहल्ला चक्रतीर्थ निवासी सर्वेश कुमार की खाद्य सामग्री की सैंपलिंग तत्कालीन खाद्य निरीक्षक वेद प्रकाश ने की थी।

सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। जांच रिपोर्ट में खाद्य पदार्थ में मिलावट पाई गई थी। खाद्य विभाग द्वारा दुकानदार के विरुद्ध न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया गया। शुक्रवार को न्यायालय ने इस मामले की सुनवाई की। न्यायालय में उपस्थित होकर व्यापारी ने मिलावट से इंकार किया। अभियोजन अधिकारी अमरीश कुमार ने मामले में जांच रिपोर्ट एवं अन्य सबूतों को पेश किया। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर व्यापारी को खाद्य पदार्थ में मिलावट का दोषी पाया और उसे चार वर्ष का साधारण कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### जुआ के अड्डे पर पुलिस का छापा, छह गिरफ्तार

कासगंज। एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जिले भर में जुआ और सट्टे के अवैध कारोबार को नेस्तानाबूत करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सुन्नगढी थाना पुलिस ने जुआ के अडडे पर छापा मारकर छह जुआरियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने मौके से 4270 रुपए की नकदी के अलावा 52 ताश के पत्ते भी बरामद किए हैं।

# तेज बारिश भी नहीं रोक पाई कांवड़ियों के कदम



वाटरप्रूफ कांवड़ लेकर जाते कांवड़िया। ● अमृत विचार



लहरा गंगा घाट पर कांवड़ तैयार करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, (सोरोंजी) कासगंज

- सावन के दूसरे सोमवार की तैयारी तेज, बढ़ती जा रही कांवड़ियों की संख्या

**अमृत विचार:** सावन के दूसरे सोमवार को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। शुक्रवार को सड़कों पर कांवड़ियों का सैलाब नजर आया। तीर्थ नगरी सोरों में शुक्रवार को झमाझम बारिश हुई, लेकिन बरसात भी कांवड़ियों के कदम नहीं रोक पाई और वे मंजिल की ओर तेजी के साथ आगे बढ़ते रहे।

सावन के दूसरे सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। हर कोई मंजिल की ओर तेजी के साथ अपने कदम आगे बढ़ा रहा है। शुक्रवार को पहले तो रिमझिम फुहार पड़ती रही, फिर झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से खासी राहत मिली। झमाझम बारिश होने के बावजूद भोले के भक्त जय-जयकार करते हुए आगे बढ़ते रहे। बारिश की वजह से तमाम कांवड़ियों ने वाटरप्रूफ कांवड़ सजाई थी, जिससे कंधे बारिश के पानी में सामग्री से भीगकर बोझिल न हों।

### गंगा स्नान किया और जल भरकर चल दिए

शुक्रवार को आगरा के कावड़िए अधिक दिखाई दिए। उन्होंने पहले गंगा स्नान किया। हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। इसके बाद कांवड़ में गंगा जल भरकर चल दिए। शुक्रवार को आगरा के कांवड़ियों की संख्या ज्यादा रही।

## सार-संक्षेप

### मनमाने ढंग से जारी कर दिए कारण बताओ नोटिस

**कासगंज।** योगी सरकार की कोशिशों के बावजूद बेसिक शिक्षा विभाग में मनमानी और भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। यहां शिक्षकों पर दबाव बनाने और उनसे काम कराने का तरीका कुछ अलग है। शिक्षक सही है या गलत इससे अधिकारियों को कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें तो अधीनस्थों की रिपोर्ट के आधार पर नोटिस जारी करने हैं। शिक्षकों ने कड़ी मेहनत करके नवीन नामांकन कराए, लेकिन तमाम शिक्षकों को लापरवाह दर्शाते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए। हकीकत जानने की कोशिश नहीं की गई। बेसिक शिक्षा विभाग ने उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सूची जारी की है। इसमें 100 जूनियर और 71 प्राइमरी स्कूल ऐसे दर्ज हैं, जो अपने काम के प्रति लापरवाह बने रहे और समय से नवीन विद्यार्थियों का नामांकन नहीं किया। पिछले तीन महीने में कोई भी नामांकन नहीं दर्शाया गया है। यह रिपोर्ट अधीनस्थों ने तैयार करके बीएसए को दी। बीएसए ने रिपोर्ट के आधार पर कारण बताओ नोटिस संबंधित स्कूल एवं वहां के स्टाफ को नोटिस भेज दिए। इसके बाद शिक्षकों ने अपना पक्ष रखा है। उनका कहना है कि नोटिस गलत तरीके से जारी किए गए हैं। अब शिक्षकों की बात को सुनने के लिए अधिकारियों के पास समय नहीं है।

### एसडीएम को ब्लॉक में मिलीं अव्यवस्थाएं, जताई नाराजगी



**कासगंज।** शनिवार को सहावर की एसडीएम ने विकास खंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कार्यालय में अव्यवस्था मिलने पर एसडीएम ने नाराजगी जताई। एसडीएम कोमल पवार अचानक ब्लॉक सहावर जा पहुंचीं। जहां उन्होंने सबसे पहले आधार कार्ड बनाने वाले काउंटर को देखा। जहां लोगों की भीड़ थी, जो गर्मी में परेशान थे। उनके बैठने का कोई प्रबंध नहीं था। ब्लॉक परिसर में सफाई व्यवस्था भी बेहतर नहीं थी। इस पर एसडीएम ने नाराजगी जताई। एसडीएम ने संबंधितों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों से आधार कार्ड बनवाने और संशोधित कराने वाले लोगों को बैठने और पेयजल की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने आधार कार्ड बना रहे कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए और न ही लोगों को बार-बार चक्कर लगवाएं। जहां तक संभव हो पहली बार में ही उनकी आधार कार्ड संबंधित समस्या का समाधान करें।

### मोबाइल का इस्तेमाल बच्चों को बना रहा आंखों का रोगी



**कासगंज, अमृत विचार :** मोबाइल का लगातार और ज्यादा उपयोग बच्चों को आंखों का रोगी बना रहा है। लगभग 50 की उम्र में पनपने वाले नेत्र रोग आठ और 10 साल के बच्चों में दिख रहे हैं। इन रोगों की रोकथाम के लिए जरूरी है कि अभिभावक अपने बच्चों को मोबाइल का प्रयोग करने से रोकें। जिला चिकित्सालय सीएमएस व नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. संजीव सक्सेना का कहना है कि मोबाइल का ज्यादा प्रयोग हर उम्र के लोगों को प्रभावित करता है। मगर छोटे बच्चों में मोबाइल चलाने की लत बढ़ रही है। अधिक मोबाइल चलाने से बच्चों की आंखों ड्राइनेस की शिकायत आ रही है। अमूमन यह शिकायत लगभग 50 वर्ष की महिलाओं में अधिक होती है। इससे अधिक उम्र के पुरुषों में भी मिलती है। अब ड्राइनेस की शिकायत आठ से 10 साल एवं इससे कम उम्र के बच्चों में भी मिल रही है, जो उनकी आंखों के लिए अधिक घातक है। अभिभावक बच्चों को अधिक मोबाइल का प्रयोग से रोकें।

# अपनी रक्षा के लिए लक्ष्मीबाई बनें छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तत्वाधान में विकास खंड सोरों के गांव भूपाल गढ़ी के कम्पोजिट विद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। विशेषज्ञों ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुरु बताए और उन्हें अपनी रक्षा के लिए वीरांगना की तरह संघर्षशील बनने के लिए प्रेरित किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मां बाणी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। व्यायाम शिक्षक मुनेश राजपूत ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुरु बताए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं के साथ होने वाली अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए उन्हें सशक्त होना जरूरी है। छात्राएं प्रशिक्षण पाकर आत्मरक्षा के गुरु सीखेंगी और विषम परिस्थितियों में अपनी रक्षा के लिए प्रयोग करेंगी। उन्होंने छात्राओं को लेफ्ट स्टोंस, राइट स्टोंस, बैक स्टोंस, पावर स्टोंस, फॉरवर्ड स्टोंस आदि का प्रशिक्षण दिया।

अच्छे स्वास्थ्य के लिए आसन और योगाभ्यास भी कराया। नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया।



भूपाल गढ़ी के कंपोजिट विद्यालय में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

- कम्पोजिट विद्यालय में छात्राओं को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

# पीएमएनएएम शिशिक्षु व अप्रेन्टिस मेले का आयोजन 31 को

**कासगंज, अमृत विचार :** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के आदेशानुसार समस्त जनपदों में शिशिक्षु मेला आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रधानाचार्य जहीर आलम ने बताया है कि राजकीय आईटीआई किसरौली कासगंज में 31 जुलाई की सुबह 10 बजे से पीएमएनएएम शिशिक्षु व अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया जायेगा। मेले में जनपद स्तरीय अनेकों अधिष्ठान व कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। कम्पनियों द्वारा समस्त व्यवसायों में आईटीआई उत्तीर्ण एवं कक्षा पांच हाईस्कूल, इंटर पास युवा अपना एनएपीएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

# गन्ना किसान जागरूक होकर करें बेहतर पैदावार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- गांव नगला ईश्वरी में लगाया गया जागरुकता शिविर

**अमृतविचार:** गन्ना किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उन्हें खेती के लिए बेहतर पैदावार के गुर बताए जा रहे हैं। गन्ने के रकबे को बढ़ाने के लिए किसान आगे आए, इसलिए उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में गन्ना विकास परिषद न्यौली में ग्राम स्तरीय गन्ना सट्टे का प्रदर्शन किया है और किसानों को प्रशिक्षण दिया।

गांव नगला ईश्वरी हुए कार्यक्रम में गन्ना विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि वे अपने अभिलेख दुरुस्त रखें। किसी भी हाल में अभिलेखें को अधूरा न छोड़ें। अब गन्ने की पैदावार से लेकर खरीद तक प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है। इस दौरान किसानों को गन्ना बॉंड के संबंधित समस्त आंकड़ों की गन्ना सर्वेक्षण रिपोर्ट दिखाई गई।। साथ ही अपील की गई है कि यदि आंकड़ों में काई भिन्नता हो मिलान करा लें। नए सदस्य गन्ने के लिए भी ऑनलाइन विधि बताई गई। इस मौके पर जिला गन्ना अधिकारी ओउम प्रकाश सिंह, गन्ना पर्यवेक्षक मुकेश सिंह, वीर कुमार, ब्रह्माशंकर, किसान ओउम प्रकाश, किशन चंद्र, हाकिम सिंह मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य टीम ने तीसरे दिन 102 मरीजों का किया परीक्षण

संवाददाता, सिढपुरा

**अमृत विचार:** सिढ़पुरा विकास खंड क्षेत्र के गांव बसई में संक्रमण फैला है। रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। शनिवार को भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में शिविर लगाकर लोगों का परीक्षण किया। इस दौरान डायरियां के डेढ़ दर्जन रोगी पाए गए। जिन्हें परीक्षण के बाद दवाएं दी गईं।

गांव बसई के लोग संक्रामक रोगों की चपेट में आ रहे हैं। यहां सबसे ज्यादा डायरियां का प्रकोप है। बीते पांच दिनों में डायरियां से दो युवतियों की मौत हो चुकी है, और सैकडों लोग बीमार है। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है। रोगियों को दवाएं दी जा रही हैं। बीते तीन दिनों से टीम लगातार गांव पहुंच रही है। शनिवार को भी सिढुपुरा के चिकित्सा अधीक्षक डा. आमिर के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने गांव जाकर शिविर लगाया। जहां लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। रक्त जांच के लिए सिलाइट बनाई गई। परीक्षण के बाद डेढ़ दर्जन लोगों में डायरिया की शिकायत मिली, जिन्हें दवा देने के साथ स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई। गांव में लोग वायरल फीवर से भी पीड़ित हैं। टीम में डॉ. विनायक, डॉ. अरविंद कुमार, फिजियोथैरेपिस्ट असीम अहमद, जितेंद्र कुमार, जैमनी, विशाल सक्सेना, रंजीत कुमार, अवधेश यादव, संजय सक्सेना, रामनरेश सहित आदि रहे।



बसई गांव में लगे शिविर में मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

- ग्राम बसई में बीते एक सप्ताह से फैला है संक्रमण, बढ़ती जा रही मरीजों की संख्या

> गांव बसई में स्वास्थ्य टीम निरंतर शिविर लगाकर मरीजों का उपचार कर रही है। गांव में एम्बुलेंस 108 स्थाई रूप से खड़ी करा दी गई है। जिससे गंभीर मरीज को अस्पताल भेजा जा सके। - **डा. राजीव अग्रवाल, सीएमओ**

# युवक, महिला मंगल दल को विवेकानंद यूथ एवार्ड एक जनवरी को

**कासगंज, अमृत विचार :** महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में संस्थागत श्रेणी के अन्तर्गत युवक व महिला मंगल दल को विवेकानन्द यूथ एवार्ड एक जनवरी को मिलेगा। जिसमें 15 से 35 वर्ष तक के युवा अपना नामांकन करा सकते हैं। यह पुरस्कार विकास कार्यक्रमों के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचानालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती आदि के लिए दिया जाएगा।

# थाना दिवस की शिकायतें शीघ्र निस्तारित करें

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** शनिवार को जिले के समस्त थानों में समाधान दिवस आयोजित हुआ। डीएम मेधा रूपम व एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने सदर कोतवाली में शिकायतें सुनीं। साथ ही अधीनस्थों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

सदर कोतवाली में जन समस्याएं सुनने के बाद डीएम मेधा रूपम व एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने निर्देश दिए कि थाना दिवस में आने वाले प्रकरणों को लंबित न रखा जाए। यदि शिकायत झूठी निकले तो शिकायतकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई करें। डीएम के समक्ष तीन प्रकरण जमीनी विवाद के रखे गए। जिनके निराकरण के लिए राजस्व एवं पुलिस की टीम गठित की गई। एसडीएम संजीव कुमार, सीओ विजय कुमार राणा, इंस्पेक्टर लोकेश भाटी मौजूद रहे। थाना सहावर में एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने थाने पहुंचकर शिकायतें सुनीं। यहां चार शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। एसडीएम कोमल पवार, सीओ शाहिदा नसरीन, इंस्पेक्टर प्रवेश राणा मौजूद रहे। इसके अलावा सोरों कोतवाली, गंजडुंडवारा, पटियाली, सिढ़पुरा, अमांपुर, सुन्नगढ़ी, सिकंदरपुर वैश्य, ढोलना में थाना समाधान आयोजित किया गया।



फरियादियों की शिकायतें सुनतीं डीएम मेधा रूपम व एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

# गंजडुंडवारा में दो पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले, एक की मौत

## दोनों तरफ के आधा दर्जन लोग घायल, पशु चराने के दौरान हुआ विवाद

संवाददाता, गंजडुंडवारा


सीएचसी में घटना की जानकारी लेते सीओ पटियाली। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव अकबर नगर पलिया में पशु चराने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी बढ़ने के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। इसमें गंभीर चोट आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया।

पुलिस के अनुसार गंजडुंडवारा इलाके के अकबर नगर पलिया निवासी लोकेंद्र व उसका भाई शैलेंद्र पुत्र महेश चंद्र गांव के बाहर स्थित शिवाला प्लांट के निकट खेतों में पशु चरा रहे थे। वहीं पड़ोस के खेत में त्रिलोकी पुत्र महेन्द्र, रवेन्द्र व रामू अपने पशु चरा रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर लोकेंद्र, शैलेंद्र व त्रिलोकी, रवेंद्र, रामू के बीच कहासुनी हो गई। इसका पता लगने पर परिवार के अन्य लोग पहुंच गए। धीरे-धीरे विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें लोकेंद्र पक्ष के महेश चंद्र पुत्र केदार के सिर में गंभीर चोट आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

- **मृतक की बेटी ने विरोधी पक्ष पर कार्रवाई की मांग को लेकर शव उठाने से पुलिस को रोका**

> दो पक्षों के बीच पशु चराने के दौरान संघर्ष हुआ था। इसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हुई और कई लोग घायल हुए हैं।
> –**राजकुमार पाण्डेय**, सीओ पटियाली

इसके अलावा शेलेन्द्र, लोकेन्द्र, त्रिलोकी, रवेन्द्र व चिरन देवी घायल हो गए। घटना की सूचना सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर जा पहुंची। इसके बाद घायलों को सीएचसी गंजडुंडवारा ले जाया गया। जहां शेलेन्द्र, लोकेन्द्र व त्रिलोकी की हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

उधर, मौके पर पहुंची पुलिस ने महेश चंद्र के शव को पोस्टमार्टम हउस भेजना चाहा। मगर मृतक बेटी चिरन देवी विरोधी पक्ष के खिलाफ कार्रवाई होने के बाद ही की मांग अड़ी रही।

# दिव्यांग लाभार्थियों के लिए ब्लॉक बार लगाए जाएंगे शिविर

**कासगंज, अमृत विचार :** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए ब्लॉक बार शिविर लगाएगा। विभाग ने इसके लिए रोस्टर जारी किया है। सीडीओ ने दिव्यांगजनों से शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की है। सीडीओ सचिन ने बताया कि सरकार द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं व कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जानकारी के अभाव में दिव्यांग इसका लाभ नहीं ले पाते हैं। इसके लिए दिव्यांगज सशक्तिकरण विभाग द्वारा ब्लॉक स्तर पर शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में सरकारी की योजनाओं की जानकारी दी गई जाएगी। उन्होंने बताया कि कासगंज में 29 जुलाई, सोरों में 30, अमांपुर में 31जुलाई, सहावर में एक अगस्त, सिढ़पुरा में दो, गंजडुंडवारा में तीन और पटियाली में चार अगस्त को विकास खंड परिसर में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर लगेगा। सभी दिव्यागंजन संबंधित विकास खंड पर अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र , निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रंगीन फोटों आदि दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीकरण कराएं।

# बारिश में नहाते समय नाले में गिरा बालक, मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **सहावर कस्बे के मोहल्ला मोरी में शनिवार दोपहर हुआ हादसा परिवार में मचा कोहराम**

> यह घटना दुखद है। बच्चे की मौत नाले में गिरने से हुई है। शिल्ट सफाई के लिए नाला खोला गया था। इसे शीघ्र ढकवा दिया जायेगा। परिवार के साथ हमारी संवेदनाएं हैं।
> –**नाशी खान**, नगर पंचायत अध्यक्ष

**अमृत विचार:** शनिवार दोपहर तेज बारिश होने पर सहावर कस्बे के मोहल्ला मोरी में सड़कों पर पानी भर गया। इससे मोहल्ले के बच्चे बारिश के पानी में नहा रहे थे। इनमें वहीं के आमिर का तीन साल का बेटा असीम भी था।

पुलिस के अनुसार बारिश में नहाने के दौरान असीम नाले में गिर गया। मगर साथ में नहा रहे बच्चों को इसकी जानकारी नहीं हुई। इससे बाकी बच्चे नहाने के बाद अपने घर चले गए। मगर असीम घर नहीं पहुंचा, जिससे परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। परिवार के लोग करीब दो घंटे तक उसे आसपास तलाशते रहे। इसी बीच किसी ने बच्चे का शव नाले में कूड़े के ढेर के पास पड़ा देखा। इसका पता लगने पर आमिर के परिवार वाले मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने देखा तो शव असीम का निमला। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। मगर परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। आमिर ने नगर पंचायत प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# बारिश का पानी भरने से सड़क पर दौड़ा करंट


बारिश के पानी में करंट दौड़ने के बाद दुकानों के आगे खड़े लोग।

**कासगंज, अमृत विचार :** शनिवार दोपहर हुई झमाझम बारिश से शहर की तमाम बस्तियों में जलभराव हुआ। उप बाजार तहसील रोड पर विद्युत पोल से सड़क पर भरे बारिश के पानी में करंट दौड़ गया। इससे वहां पानी में खेल रहा बालक करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।लोगों ने विभागीय अधिकारियों को फोन कर विद्युत आपूर्ति बंद कराई। इसके बाद बालक को पानी से बाहर निकाला जा सका।

थोड़ी सी बारिश में शहर की बस्तियां जलमग्न हो जाती है। शनिवार को हुई बारिश में शहर की तमाम सड़कें जलमग्न हो गईं। नालियों का पानी सड़कों पर आ गया। शहर के उप बाजार तहसील रोड गप्पू चौराहे पर भी जलभराव हो गया। लोग पानी के बीच से होकर निकल रहे थे। इसी बीच गप्पू चौराहे के निकट पानी में करंट दौड़ गया। इससे अफरा-तफरी मच गई।

लोग पानी से निकलकर इधर-उधर भागने लगे । उस दौरान वहां पांच वर्षीय बालक हम्माद पुत्र शीनू निवासी मोहल्ला नवाब सड़क पर भरे पानी में खेल रहा था, जो विद्युत करंट की चपेट में आ गया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। वहां मौजूद लोगों ने फोन करके बिजली आपूर्ति बंइद कराई। इसके बाद लोगों ने बालक को बाहर निकला। परिजन फौरन उसे डॉक्टर के पास ले गए। हालांकि बड़ा हादसा होने से बच गया।

# सड़क हादसे में वृद्ध की मौत युवक घायल

**एटा, अमृत विचार।** शनिवार को दोपहर जनपद हाथरस के सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र के गांव अगराना निवासी मुन्नालाल (70) पड़ोसी गांव रामपुर निवासी अजीत कुमार के साथ बाइक पर एटा आ रहे थे। रास्ते में कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हिन्दुस्तान लीवर के समीप ओवरब्रिज पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में मुन्नालाल और अजीत घायल हो गए। एटा मेडिकल कॉलेज ले जाने पर मुन्नालाल को मृत घोषित कर दिया।

# प्रशासन ने कांवड़ मार्ग से हटवाया अतिक्रमण


सोरों जी में अतिक्रमण हटवाती पुलिस व नगर पालिका कर्मचारी। ● अमृत विचार

**सोरोंजी, अमृत विचार :** पुलिस और नगर पालिका की टीम ने शनिवार को कस्बे के मुख्य बाजारों एवं कांवड़ यात्रा मार्ग से अतिक्रमण हटवाया। इंस्पेक्टर ने चेतावनी दी है कि अगर दोबारा अतिक्रमण किया गया तो कार्रवाई की जाएगी। तीर्थ नगरी में इन दिनों कांवड़ मेला जारी है। बड़ी संख्या में दूरस्थ क्षेत्रों से कांवड़िया मेले में गंगा जल लेने पहुंच रहे हैं। यहां कांवड़ मार्ग पर एवं मुख्य बाजार में फैले अतिक्रमण से श्रद्धालुओं को दिक्कत हो रही थी। शनिवार को इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी, अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार ने टीम के साथ जाकर कटरा बाजार, अनाज मंडी, कसेरठ बाजार, रामसिंहपुरा, सब्जीमंडी, लहरा रोड, सहावर गेट व अन्य बाजारों में फुटपाथ पर फैल अतिक्रमण हटाया।

# निर्माणाधीन मकान का लिंटर गिरा, बालक की मौत

सहावर, संवाददाता


चांडी गांव में निर्माणाधीन मकान का लिंटर गिरने के बाद पड़ा मलवा। ● अमृत विचार

- **ग्रामीणों के अनुसार तेज बारिश और हवा के चलने की वजह से गिरा लिंटर**
- **पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, एसडीएम और तहसीलदार ने किया मौका मुआयना**

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के चांडी गांव में निर्माणाधीन लिंटर अचानक गिर गया। जिसकी चपेट में आकर 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। जबकि तीन लोग मलबे में दबकर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।


मृतक रिशभ।

यह हादसा शुक्रवार शाम लगभग साढ़े छह बजे हुआ। गांव चांडी निवासी लालसिंह के मकान का लिंटर पड़ रहा था। शाम को तेज हवा के साथ बारिश हुई, जिससे निर्माणाधीन लिंटर अचानक भर भराकर गिर पड़ा। जिसके मलबे में दबकर राजेश का 12 वर्षीय बेटा रिशभ की मौत हो गई, जबकि लालसिंह, राजेश, विकास घायल हो गए।

चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने मलबा हटाकर नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। उन्हें उपचार के लिए सहावर सीएचसी ले जाकर भर्ती करा दिया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। इस हादसे की जानकारी मिलते ही एसडीएम कोमल पवार और तहसीलदार मौके पर पहुंच गए।

> सहावर के गांव चांडी में निर्माणाधीन मकान का लिंटर डाला जा रहा था, जो अचानक तेज आवाज के साथ नीचे गिर गया। इसकी चपेट में आकर 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शासन-प्रशासन से हर संभव दिलाई जाएगी।
> – **कोमल पवार, एसडीएम सहावर**

उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण कर परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पुलिस ने मृत बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# एसपी ने छात्राओं को सरकारी गाड़ी से उनके गांव पहुंचाया


सरकारी गाड़ी में एसपी अपर्णा रजत कौशिक के साथ उत्साहित छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददताता, कासगंज

**अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस से लौटते समय एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कुछ छात्राओं को बारिश में भीगते हुए जाते देखा। उन्होंने अपनी सरकारी गाड़ी में छात्राओं को बैठाकर उनके गांव तक पहुंचाया।

शनिवार को थाना समाधान दिवस में एसपी थाना सहावर में शिकायतें सुनने के बाद जिला मुख्यालय लौट रही थीं। तभी तेज बारिश होने लगी। उन्होंने रास्ते में देखा कि कुछ छात्राएं भीगती हुई अपने घरों की ओर जा रही हैं। उन्होंने अपनी सरकारी गाड़ी रुकवाई और बारिश में भीग रही छात्राओं को बैठा लिया।फिर उनके गांव बहटा तक छोड़ने गईं। इस दौरान एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में बताया।

# ईनामी अपराधी गिरफ्तार, चोरी की कई घटनाओं का खुलासा

